जन सुनवाई
पंजिका संख्या ....39.... दिनांक 27/04/26
प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही उपरान्त
आख्या से .... दिन भीतर अवगत करायें।
जिलाधिकारी
पिथौरागढ

सेवा में,

श्रीमान अधिशासी अभियंता,

उत्तराखंड पेयजल निगम / उत्तराखण्ड जल संस्थान पिथौरागढ

विषय: पेयजल योजना को जल संस्थान के पास ही बनाए रखने हेतु प्रार्थना पत्र

महोदय,

सविनय निवेदन है कि हमारे गांव धुरौली में एक पेयजल योजना संचालित है, जो पिछले लगभग 40–42 वर्षों से जल संस्थान के अधीन कार्यरत है।

लगभग 2 वर्ष पूर्व इस योजना को चंडिका घाट पंपिंग योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया था, जिसका गांववासियों द्वारा विरोध किया गया था।

वर्तमान में पुनः यह सूचना प्राप्त हो रही है कि उक्त पेयजल योजना को जल संस्थान से हटाकर जल निगम को हस्तांतरित किया जा रहा है। इस संबंध में समस्त ग्रामवासी अपना विरोध दर्ज कराते हैं।

ग्रामवासियों की यह स्पष्ट मांग है कि उक्त पेयजल योजना को पूर्व की भांति जल संस्थान के अधीन ही संचालित रहने दिया जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि ग्रामवासियों की भावना को ध्यान में रखते हुए उक्त योजना को जल संस्थान के पास ही बनाए रखने की कृपा करें।

धुरौली /अडारीगाँव पेयजल योजना

कमला मल्ड़ा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धुरौली
वि0ख0 कनालीछीना(पिथौरागढ़)

SE, Jal Nigam / Jalsansthan

27/04/2026.